Sixteenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding Ram Mandir.

श्री आनंदराव अडसुल (अमरावती) : अध्यक्ष महोदया, राम मंदिर निर्माण का सिलसिला सालों से चल रहा है। श्रद्धेय आडवाणी जी ने रथ यात्रा निकाली और उसके बाद श्रद्धेय अटल जी की 13 दिन की सरकार, 13 महीने की सरकार और अब साढ़े चार साल की सरकार है।...(व्यवधान) उस समय 25 दलों की सरकार बनी थी, इसलिए मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया, लेकिन आज हमारी सरकार बहुमत में है... (व्यवधान) हमारे घोषणा-पत्र में राम मंदिर निर्माण का मुद्दा हमने रखा था। आज साढ़े चार साल बीत चुके हैं, लेकिन दुर्भाग्य से सरकार की तरफ से कोई पहल नहीं की गई है।...(व्यवधान) शिव सेना का भारतीय जनता पार्टी के साथ जो एलाएंस हुआ था, सही मायने में उसका मुद्दा हिन्दुत्व ही था और यही रहेगा ।...(व्यवधान) हमें लगता है कि भारतीय जनता पार्टी इस बात को भूल चुकी है। 25 नवम्बर को हमारे प्रमुख उद्धव जी अयोध्या गए थे और उन्होंने इस सरकार को एक बार फिर बताया है कि "पहले मंदिर बाद में सरकार, यही हिन्दू की है पुकार।"

महोदया, हम आज भी सरकार को बताना चाहते हैं कि कानून में कोई बदलाव या पहल कर सकते हैं या सुप्रीम कोर्ट में जो केस लम्बित है, उसे भी एक्सपिडाइट कर सकते हैं। आर्डिनेंस के माध्यम से चुनाव से पहले भी कुछ किया जा सकता है। यदि चुनाव का मुद्दा सामने आता है, तो सही मायने में आप देख सकते हैं कि पांच राज्यों में चुनाव के नतीजे क्या रहे।...(व्यवधान) हम देख रहे हैं, सुन भी रहे हैं, इसलिए हमारी विनती है कि सरकार इस संबंध में जल्द पहल करे।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री आनंदराव अडसुल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

...(व्यवधान)